हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 18 नवम्बर, 2026/27, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 13

निविदा आबंटन में अनियमितता

1985 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि निविदा आबंटन में अनियमितताओं की जांच हेतु वर्ष 2023 में विजिलेंस द्वारा लोक निर्माण विभाग के भरमौर मंडल कार्यालय से निविदा संबंधी रिकॉर्ड कब्जे में लिया गया था; यदि हां, तो विजिलेंस को किन-किन निविदाओं के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थीं;

(ख) क्या उक्त मामले की जांच पूर्ण हो चुकी है; यदि हां, तो जांच रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) क्या जांच में किसी अधिकारी, कर्मचारी अथवा ठेकेदार की भूमिका संदिग्ध पाई गई है; यदि हां, तो दोषियों के विरुद्ध क्या कोई विभागीय या कानूनी कार्रवाई की गई है; यदि नहीं, तो कारण?

ग्रामीण रोजगार

1986 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक पांगी एवं भरमौर की पंचायतों में मनरेगा तथा अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय हुई; कितने कार्य अधूरे हैं व कितने कार्यों का भुगतान लंबित है; और

(ख) कार्यों की गुणवत्ता, फर्जी मस्टररोल अथवा वित्तीय अनियमितताओं की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा जांच में क्या पाया गया; दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई तथा कितनी धनराशि वसूल की गई?

पलानी नाला पुल

1987 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पलानी नाला पुल व बड़ग्रां सड़क का निर्माण कार्य दशकों से लम्बित रहने के क्या कारण हैं;

(ख) पलानी नाला पुल की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कितनी धनराशि की है तथा यह कार्य किस ठेकेदार को, कितनी धनराशि में एवं किस तिथि को आबंटित किया गया;

(ग) कार्य की निर्धारित पूर्णता तिथि क्या थी तथा दिनांक 01.11.2026 तक कितनी धनराशि का भुगतान किया गया; और

(घ) ठेकेदार को 31 मई, 2026 तक दी गई अंतिम चेतावनी के पश्चात क्या ठेकेदार पर विभागीय या कानूनी कार्रवाई की गई तथा बड़ग्रां सड़क व पलानी नाला पुल के निर्माण को पूर्ण करने की समय-सीमा क्या है; ब्यौरा दें?

ऊहल चरण-III जल विद्युत परियोजना

1988 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ऊहल चरण-III जल विद्युत परियोजना के तहत लाडा हेतु कौन-कौन सी पंचायतें एवं गांव प्रभावित क्षेत्र में शामिल हैं; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक परियोजना द्वारा लाडा में कितनी धनराशि

जमा करवाई गई; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) उक्त अवधि में पंचायतवार कितनी धनराशि आबंटित एवं व्यय की गई है तथा किन-किन विकास कार्यों पर व्यय की गई; धनराशि का ब्यौरा पंचायतवार एवं कार्यवार दें; और

(घ) इस परियोजना के तहत वर्तमान में लाडा की कितनी धनराशि शेष है तथा कितने विकास कार्य लंबित हैं; पंचायतवार ब्यौरा दें?

विकासात्मक कार्य

1989 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में दिनांक 01.11.2026 तक उपायुक्त, मण्डी द्वारा जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विकास कार्यों हेतु योजनावार एवं मदवार कितनी धनराशि स्वीकृत एवं आबंटित की गई; पंचायतवार व कार्यवार ब्यौरा दें;

(ख) उक्त अवधि में इस धनराशि से पंचायतों में कौन-कौन से विकासात्मक कार्य स्वीकृत किए गए तथा उनमें से कितने कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, कितने प्रगति पर हैं तथा कितने शुरू नहीं हुए हैं; और

(ग) इस अवधि में कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा कितनी शेष है; पंचायतवार एवं कार्यवार ब्यौरा दें?

महाविद्यालयों की रैंकिंग रिपोर्ट

1990 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी महाविद्यालयों की रैंकिंग रिपोर्ट जारी की गई है; यदि हां, तो यह रैंकिंग किस एजेंसी/संस्था के माध्यम से करवाई गई तथा रैंकिंग तैयार करने की प्रक्रिया एवं आधार क्या रहे;

(ख) क्या प्रदेश के महाविद्यालयों को टायर-I, टायर-II एवं टायर-III श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है; यदि हां, तो प्रत्येक श्रेणी में कितने-कितने सरकारी महाविद्यालय सम्मिलित हैं तथा इनके वर्गीकरण हेतु निर्धारित मानदंड, प्रमुख संकेतक एवं प्रत्येक को दिए गए भारांक क्या हैं;

(ग) प्रत्येक महाविद्यालय की रैंकिंग एवं स्कोर सहित विस्तृत रिपोर्ट, जिसमें महाविद्यालय द्वारा प्राप्त अंक, निर्धारित मानदंड, प्रमुख संकेतक एवं प्रत्येक संकेतक का

भारांक दर्शाया गया हो का ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार रैंकिंग के आधार पर सरकारी महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास, स्टाफ की उपलब्धता तथा अन्य संसाधनों के आबंटन हेतु कोई नीति/कार्य योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

एश्योरेंस योजना

1991 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सरकारी महाविद्यालयों में नियुक्त प्राध्यापकों को कैरियर एश्योरेंस योजना(CAS) के तहत पदोन्नति देने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस हेतु विभागीय पदोन्नति कब तक की जाएगी; ब्यौरा दें?

जल सेस आयोग

1992 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश सरकार द्वारा जल विद्युत परियोजनाओं पर लगाए गए जल उपकर (वाटर सेस) के माध्यम से कुल कितनी धनराशि अर्जित/वसूल की गई; वर्षवार तथा परियोजनावार ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में जल उपकर की वसूली एवं संचालन हेतु गठित जल सेस आयोग (वाटर सेस कमीशन) के प्रशासनिक एवं अन्य विभिन्न प्रकार के व्ययों का मदवार ब्यौरा दें?

महिला एवं युवक मंडल

1993 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों को अपनी विकास निधि से महिला व युवक मंडलों को फर्नीचर, खेल सामग्री तथा अन्य आवश्यक सामान खरीदने का प्रावधान है; यदि हां, तो इसकी वित्तीय सीमा व प्रक्रिया क्या है;

(ख) यदि ऐसा प्रावधान नहीं है, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस संबंध में जारी सरकारी नियमों व दिशा-निर्देशों की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) क्या सरकार महिला व युवक मंडलों की सामाजिक, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों

को बढ़ावा देने के लिए उक्त सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारी

1994 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक किस-किस विभाग/बोर्ड/निगम से कितने-कितने कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर कहां-कहां कार्यरत/नियुक्त थे; कर्मचारी के नाम, कार्यकाल एवं विभागवार ब्यौरा दें;

(ख) प्रतिनियुक्ति पर तैनात इन कर्मचारियों को माहवार कितना वेतन, डी0ए0 (%) एवं अन्य लाभ कब-कब दिए गए; कार्यकाल समाप्ति के उपरांत डी0ए0 एरियर व अन्य भुगतानों का तिथिवार ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रतिनियुक्त कई कर्मचारियों को डी0ए0 तथा एरियर की किस्तों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है; यदि हां, तो कारण तथा लंबित भुगतान कब तक कर दिया जाएगा?

स्वास्थ्य संस्थान

1995 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बड़सर चिकित्सा खंड के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन, भवन निर्माण, रख-रखाव एवं मरम्मत कार्यों हेतु वित्तीय वर्षवार एवं संस्थानवार कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत, आबंटित एवं जारी की गई; ब्यौरा स्वीकृति की तिथि सहित वर्षवार व संस्थान के नाम सहित दें;

(ख) इस अवधि में उक्त स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण, कितने प्रगति पर तथा कितने आरंभ नहीं हुए हैं; संस्थान एवं कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ग) जो कार्य अभी तक आरंभ नहीं हुए अथवा निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हुए हैं, उनके लंबित रहने के क्या कारण हैं तथा क्या विभाग द्वारा संबंधित अधिकारी अथवा कार्यकारी एजेंसी की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है; इन लंबित एवं प्रगतिरत कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

सड़कों की बहाली

1996 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक आनी एवं निरमंड उप-मंडलों में बारिश व भूस्खलन से कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं तथा प्रत्येक वर्ष सड़कों की बहाली हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि आनी उप-मंडल में बारिश से नौ सड़कें प्रभावित हुई थीं; यदि हां, तो इन सड़कों की बहाली हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा वास्तविक बहाली कब हुई;

(ग) क्या विभाग ने उपरोक्त अवधि में एक ही सड़क पर बार-बार मरम्मत एवं बहाली कार्य करवाए हैं; यदि हां, तो सड़कवार व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा ठेकेदार के नाम सहित दें; और

(घ) क्या इन कार्यों का तकनीकी एवं गुणवत्ता ऑडिट करवाया गया है?

बस रूट

1997 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि एच0आर0टी0सी0 के आनी सब-डिपो में बसों की कमी के कारण कई रूट बंद हैं; यदि हां, तो ब्यौरा बस रूटों के नाम, बंद रहने की अवधि एवं कारणों सहित दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक उक्त सब-डिपो को स्वीकृत व उपलब्ध बसों का वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) वर्तमान में इस बस सब-डिपो में कितनी बसें क्रियाशील, कितनी तकनीकी खराबी/ मरम्मत हेतु कार्यशाला में हैं तथा कितनी बसों की समय-सीमा पूर्ण हो चुकी है; ब्यौरा दें;

(घ) क्या सरकार इस सब-डिपो को नई इलेक्ट्रिक बसें अथवा अन्य बसें उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कितनी व किस प्रकार की बसें कितने समय के भीतर उपलब्ध करवा दी जाएंगी; और

(ङ) क्या सरकार बंद बस रूटों को पुनः बहाल करने, पुरानी बसों के प्रतिस्थापन, ग्रामीण/दुर्गम क्षेत्रों हेतु बस क्षमता बढ़ाने तथा इस हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष धनराशि या समयबद्ध कार्य योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

14 नवम्बर, 2026. **सचिव**